दि० 13/09/2023

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति , उ0प्र0

ओबरा तापीय परियोजना , ओबरा – सोनभद्र

प्रतिष्ठा में ,

अध्यक्ष
उ0प्र0रा0वि0उ0नि0लि0
शक्ति भवन , 14–अशोक मार्ग
लखनऊ ।

कैम्प : वी0आई0पी0 गेस्ट हाउस , ओबरा ।

विषय : **दिनांक 19.03.2023 को माननीय उर्जा मंत्री एवं विद्युत कर्मचारियों के बीच हुए सहमति /समझौते के अनुसार निलम्बन की कार्यवाही समाप्त करते हुए निलम्बित कार्मिकों को पुर्न पदस्थापित किये जाने के विषयक अनुरोध पत्र ।**

महोदय ,

आपके ओबरा तापीय परियोजना के प्रथम आगमन पर ओबरा विद्युत कर्मचारी परिवार की ओर से आपका हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन है ।

आप स्वतः विदित है कि विगत दिनों दिनांक 19.03.2023 माननीय ए0के0 शर्मा , उर्जा मंत्री जी की अध्यक्षता में वि0क0स0सं0स0उ0प्र0 के समस्त घटक दल के प्रतिनिधियों एवं यू0पी0पी0सी0एल0 के चेयरमैन , प्रबन्ध निदेशक उत्पादन एवं वितरण , प्रबन्ध निदेशक यू0पी0पी0सी0एल0 की मौजूदगी में विस्तृत चर्चा उपरान्त माननीय उर्जा मंत्री उ0प्र0 के निर्देशों पर घोषित सांकेतिक हड़ताल एक दिन पूर्व ही समाप्त हो गयी ।

दिनांक 19.03.2023 को बने सहमति समझौते के आधार पर प्रस्तावित हड़ताल समाप्त होने के उपरान्त कार्मिकों द्वारा अपने कार्य स्थल सम्बन्धी समस्त विभागीय कार्यो का निस्तारण किया जाने लगा । न जाने किन अपरिहार्य कारणोंवश परियोजना पर तैनात कुछ श्रम संगठनों के पदाधिकारी सदस्यों को चिन्हित करते हुए दिनांक 22.03.2023 के अपरान्ह से निलम्बित करते हुए उन्हें सुदूर परियोजना पर सम्बद्ध कर दिया गया है , जिससे कार्मिकों के बीच असंतोष व्याप्त है एवं विधि व्यवस्थाओं/नैसर्गिक न्याय के विपरीत कार्मिकों को सुदूर परियोजना पर सम्बद्धता से एक तरफ तो उन्हें तरह तरह की कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है वही दूसरी तरफ उनके समक्ष सामाजिक प्रताड़ना के साथ ही साथ आर्थिक एवं पारिवारिक समस्याओं का भी सामना करना पड़ रहा है ।

आप को यह भी अवगत कराना है कि निलम्बित कर्मचारियों में से एक कर्मचारी

..........2

श्री विन्ध्याचल जिन्हें ओबरा तापीय परियोजना से निलम्बित करने के पश्चात 800 किमी0 दूर जवाहरपुर निर्माणाधीन परियोजना में सम्बद्ध कर दिया गया । मानसिक तनाव के कारण दिनांक 01.09.2023 को जवाहरपुर में ही हार्ट अटैक हो गया । आननफानन में वाराणसी एपेक्स हास्पीटल में आपरेशन कराना पड़ा , जिनकी स्थिति अभी भी सामान्य नही है ।

आपको यह भी संज्ञानित कराना है कि सेवानिवृत्त हुए एवं आगामी समय में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के सेवान्त देय लाभों एवं नियमित कर्मचारियों का वार्षिक वेतन वृद्धि अवरोधित है । समझौते का अनुपालन न होने से सेवानिवृत्त हो रहे कार्मिकों के आवंटित आवासों पर भी पैनल रेंट लगा कर कार्मिकों को आर्थिक क्षति पहुँचाया जा रहा है ।

अतः आपसे निवेदन है कि कार्मिकों के निलम्बन की कार्यवाही समाप्त कर उन्हें पूर्व पदस्थापित किये जाने के साथ ही साथ कार्मिकों से जुड़े उल्लिखित अन्य समस्याओं का समाधान शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर कराने की कृपा करें । जिससे कार्मिक एवं उनके परिवार के बीच व्याप्त असंतोष का भाव दूर किया जा सके ।

सहयोगी भावनाओं सहित सादर प्रेषित –

(अजय सिंह)
कार्यवाहक अध्यक्ष
उ0प्र0बि0क0सं0
मो0 : 6392014712

13/9
(धुरन्धर शर्मा)
कार्यवाहक अध्यक्ष
उ0प्र0वि0म0सं0
मो0: 9838969015

13/09/2023
(हरदेव नारायण तिवारी)
उपाध्यक्ष
उ0प्र0हा0इ0ए0यू0
मो0: 9838388191

(दिनेश कुमार यादव)
केन्द्रीय अध्यक्ष उत्पादन
रा0वि0प0प्राविधिकक0सं0उ0प्र0
मो0 : 9839276808

(लालचन्द)
शाखा अध्यक्ष
यू0पी0बि0बो0इम्प्ला0(सीटू)
मो0 : 9628282616

(प्रशान्त कुमार यादव)
रा0वि0प0जू0इं0सं0उ0प्र0
मो0 : 9580352489